सच कहने की ताकत

साप्ताहिक समाचार पत्र

# जालंधर ब्रीज

www.jalandharbreeze.com • JALANDHAR BREEZE • WEEKLY • YEAR-5 • 19 JANUARY TO 25 JANUARY 2024 • VOLUME 26 • PAGE-4 • RATE-3.00/- • RNI NO.: PUNHIN/2019/77863

**प्रेरणा**
भावनाएँ ही तो हैं जो
दूर रहकर भी अपनों की
नजदीकियों का एहसास
कराती हैं
वरना दूरी तो दोनों आँखों
के बीच भी हैं।

जल है तो
कल है

Lic No : 933/ALC-4/LA/FN:1184
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
CONSULTING | DESIGN | TRAINING
INNOVATIVE TECHNO INSTITUTE
ISO CERTIFIED 2015 COMPANY
✓ STUDY ✓ WORK ✓ SETTLE IN ABROAD
Low Filing Charges &
*Pay Money after the visa
•IELTS •STUDY ABROAD
CANADA AUSTRALIA USA U.K SINGAPORE EUROPE
E-mail : hr@innovativetechin.com • Website : www.innovativetechin.com • FB/Innovativetechin • Contact : 9988115054 • 9317776663
REGIONAL OFFICE : S.C.O No. 10 Gopal Nagar, Near Batra Palace, Jal. HEAD OFFICE : S.C.O No. 21-22, Kuldip Lal Complex, Highway Plaza GT Road, Adjoining Lovely Professional University. Phagwara.
*T&C apply

# पीएम द्वारा श्रीराम जन्मभूमि मंदिर को समर्पित 6 स्मारक डाक टिकट जारी

**ऑस्ट्रेलिया, कंबोडिया, अमेरिका, न्यूज़ीलैंड समेत दुनिया के कई देशों ने प्रभु श्री राम के जीवन प्रसंगों पर बड़े प्रेम से डाक टिकट जारी किए हैं**

**अयोध्या.** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को श्री राम जन्मभूमि मंदिर को समर्पित छह विशेष स्मारक डाक टिकट जारी किए, साथ ही विश्व के अलग-अलग देशों में प्रभु श्रीराम से जुड़े जो डाक टिकट पहले जारी हुए हैं, उनका भी एक एल्बम आज जारी किया गया। उन्होंने इस अवसर पर भारत और विदेशों में प्रभु राम के सभी भक्तों को बधाई दी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि हम सभी जानते हैं कि पत्र या महत्वपूर्ण दस्तावेज भेजने के लिए लिफाफे पर ये टिकट चिपकाए जाते हैं। लेकिन वे एक अन्य उद्देश्य भी पूरा करते हैं। डाक टिकट ऐतिहासिक घटनाओं को भावी पीढ़ियों तक पहुंचाने के माध्यम के रूप में भी काम करते हैं। इसलिए जब भी आप किसी को डाक टिकट के साथ कोई पत्र या वस्तु भेजते हैं, तो आप उन्हें इतिहास का एक टुकड़ा भी भेज रहे होते हैं। ये टिकट सिर्फ कागज का टुकड़ा नहीं, बल्कि इतिहास की किताबों, कलाकृतियों और ऐतिहासिक स्थलों का सबसे छोटा रूप हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये स्मारक टिकट हमारी युवा पीढ़ी को प्रभु राम और उनके जीवन के बारे में जानने में भी मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि इन टिकटों पर कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से प्रभु राम के प्रति भक्ति व्यक्त की गई है और लोकप्रिय चौपाई 'मंगल भवन अमंगल हारी' के उल्लेख के साथ राष्ट्र के विकास की कामना की गई है।



इन टिकटों पर सूर्यवंशी राम के प्रतीक सूर्य की छवि है, जो देश में नए प्रकाश का संदेश भी देता है। इनमें पुण्य नदी सरयू का चित्र भी है, जो राम के आशीर्वाद से देश को सदैव गतिमान रहने का संकेत करती है। मंदिर के आंतरिक वास्तु के सौंदर्य को बड़ी बारीकी से इन डाक टिकटों पर प्रिंट किया गया है।

प्रधानमंत्री ने उन संतों की भी प्रशंसा की, जिन्होंने राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के साथ मिलकर स्मारक टिकट जारी करने में डाक विभाग का मार्गदर्शन किया। प्रधानमंत्री ने जोर देकर कहा कि भगवान श्रीराम, माता सीता और रामायण से संबंधित शिक्षाएं समय, समाज, जाति, धर्म और क्षेत्र की सीमाओं से परे, हर एक व्यक्ति से जुड़ी हैं। सबसे मुश्किल कालखंड में भी त्याग, एकता और साहस दिखाने वाली रामायण, अनेक मुश्किलों में भी प्रेम की जीत सिखाने वाली रामायण पूरी मानवता को खुद से जोड़ती है। यही कारण है, कि रामायण पूरे विश्व में आकर्षण का केंद्र रही है। आज जिन पुस्तकों का लोकार्पण हो रहा है, वो इन्हीं भावनाओं का प्रतिबिंब हैं कि कैसे पूरे विश्व में भगवान राम, माता सीता और रामायण को बहुत गौरव से देखा जाता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, कंबोडिया, कनाडा, चेक गणराज्य, फिजी, इंडोनेशिया, श्रीलंका, न्यूजीलैंड, थाईलैंड, गुयाना, सिंगापुर उन कई देशों में से हैं, जिन्होंने भगवान राम के जीवन की घटनाओं पर डाक टिकट जारी किए हैं।

### 22 जनवरी को सभी केंद्रीय सरकारी कार्यालय आधा दिन बंद रखने की घोषणा

केंद्र सरकार ने राम लला प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर 22 जनवरी, 2024 को पूरे भारत में सभी केंद्रीय सरकारी कार्यालयों, केंद्रीय संस्थानों और केंद्रीय औद्योगिक प्रतिष्ठानों को अपराह्न 2:30 बजे तक आधे दिन के लिए बंद रखने की घोषणा की है। आदेश में कहा गया है कि 22 जनवरी, 2024 को अयोध्या में राम लला प्राण प्रतिष्ठा पूरे भारत में मनाई जाएगी। कर्मचारियों को उत्सव में भाग लेने में सक्षम बनाने के लिए यह निर्णय लिया गया है कि 22 जनवरी, 2024 को पूरे भारत में सभी केंद्रीय सरकारी कार्यालय, केंद्रीय संस्थान और केंद्रीय औद्योगिक प्रतिष्ठान अपराह्न 14:30 बजे तक आधे दिन के लिए बंद रहेंगे। यह भी सलाह दी जाती है कि भारत सरकार के सभी मंत्रालय/विभाग उपरोक्त निर्णय को सभी संबंधितों के ध्यान में लाएं।

# चंडीगढ़ मेयर चुनाव का मामला पहुंचा हाईकोर्ट, 23 को सुनवाई

**चंडीगढ़.** चंडीगढ़ नगर निगम के मेयर, सीनियर डिप्टी मेयर और डिप्टी मेयर के चुनाव का मामला पंजाब-हरियाणा हाईकोर्ट में पहुंच गया है। चुनाव कराने को लेकर हाईकोर्ट में दायर याचिका पर अब 23 जनवरी को सुनवाई होगी। मेयर का चुनाव गुरुवार को होना था, लेकिन पीठासीन अधिकारी के बीमार होने के चलते नहीं हो पाया। ऐसे में आम आदमी पार्टी और कांग्रेस गठबंधन की ओर से चुनाव करवाने की मांग को लेकर याचिका दायर की गई है। सुबह में नगर निगम दफ्तर के बाहर जमकर हंगामा हुआ था, जब आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के पार्षदों को निगम बिल्डिंग के अंदर दाखिल नहीं होने दिया गया था।




इससे पहले कांग्रेस और आप के कई पार्षदों ने नगर निकाय अधिकारियों से मिले एक संदेश का हवाला देते हुए दावा किया कि गुरुवार को होने वाला चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव निर्वाचन अधिकारी के बीमार पड़ने के बाद अगले आदेश तक टाल दिया गया। कांग्रेस और आप नेताओं ने बीजेपी की आलोचना की और उस पर आरोप लगाया कि उसने अपनी हार को भांपते हुए मेयर का चुनाव नहीं होने दिया।

### पार्षदों को मैसेज में कही गई थी ये बात

मेयर, वरिष्ठ उप-मेयर और उप-मेयर के पदों के लिए मतदान से ठीक पहले यह घटनाक्रम हुआ। मतदान के लिए बैठक नगर निकाय के सभा कक्ष में सुबह 11 बजे होनी थी। कई पार्षदों को एक आधिकारिक व्हाट्सऐप ग्रुप पर एक संदेश प्राप्त हुआ। इसमें कहा गया है कि यह सूचित किया जाता है कि अनिल मसीह का स्वास्थ्य खराब हो जाने के बारे में फोन पर एक संदेश प्राप्त हुआ है। उन्हें महापौर पद के लिए 18 जनवरी को होने वाली बैठक के वास्ते निर्वाचन अधिकारी नामित किया गया था। इसलिए अनुरोध है कि अगले आदेश तक नगर निगम कार्यालय न पहुंचें।

### इंडिया गठबंधन से हार के डर से भाजपा बेचैन : आप

आम आदमी पार्टी (आप) ने चंडीगढ़ मेयर चुनाव को स्थगित करने की कोशिश के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर तीखा हमला बोला है। आप नेताओं ने कहा कि यहां इंडिया गठबंधन स्पष्ट रूप से जीत रहा है। बीजेपी हार के डर से ऐसा अलोकतांत्रिक कदम उठा रही है। चंडीगढ़ मेयर का चुनाव 18 जनवरी को होना था लेकिन अब इसे स्थगित किया जा रहा है। आप नेताओं ने कहा कि भाजपा इंडिया गठबंधन की ताकत से घबरा गई है और वे इंडिया गठबंधन के हाथों अपनी पहली हार का सामना करने के लिए तैयार नहीं हैं।

### हार से डर कर चुनाव से भाग रही भाजपा : जरनैल सिंह



आप चंडीगढ़ प्रभारी जरनैल सिंह ने कहा कि जो कोई भी यह सोचता है कि भाजपा को हराना मुश्किल है, वह आज चंडीगढ़ में उनकी हालत देख सकता है। वे हार से इतने डरे हुए हैं कि चुनाव से भाग रहे हैं। उन्होंने कहा कि आप और कांग्रेस के गठबंधन के बाद बीजेपी इस चुनाव को रद्द करना चाहती है। अपने बयान में उन्होंने यह भी कहा कि अब पूरा देश बीजेपी की तानाशाही के खिलाफ मजबूती से खड़ा है और जल्द ही हम इससे छुटकारा पा लेंगे।

### सरकारी तंत्र का दुरुपयोग कर रही भाजपा : संदीप पाठक



चंडीगढ़ में भाजपा की रणनीति पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आप के राज्यसभा सांसद डॉ. संदीप पाठक ने एक्स पर कहा, 'अपनी अपरिहार्य हार को देखते हुए भाजपा ने चंडीगढ़ में अपनी गंदी चाल शुरू कर दी है। यह घटना हमारे देश के चुनाव प्रणाली को हतोत्साहित करने वाली है। उन्होंने कहा कि भाजपा सरकारी तंत्र का दुरुपयोग करके चंडीगढ़ में मेयर चुनाव को स्थगित करने की पुरजोर कोशिश कर रही है। लेकिन वह इसमें सफल नहीं होंगे।

### बीजेपी इंडिया गठबंधन से डर रही : राघव चड्ढा



सांसद राघव चड्ढा ने भी चुनाव में इस अलोकतांत्रिक हस्तक्षेप के लिए भाजपा की आलोचना की और कहा कि भाजपा 'लोकतंत्र-फोबिया' से ग्रस्त है। उसे लोकतंत्र और स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनावों का भी डर सता रहा है। उन्होंने कहा कि बीजेपी इंडिया गठबंधन की जीत से डर गई है।

# ईडी के चौथे समन पर भी पेश नहीं हुए मुख्यमंत्री केजरीवाल

**नई दिल्ली.** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल चौथे समन पर भी ईडी (प्रवर्तन निदेशालय) के सामने पेश नहीं हुए। उन्होंने अपने जवाब में लिखा कि ईडी का मकसद उन्हें गिरफ्तार करना है। अरविंद केजरीवाल ने ईडी के समन पर सवाल उठाते हुए पूछा कि दो साल से जांच चल रही है, लेकिन लोकसभा चुनाव से पहले ही मुझे पूछताछ के लिए नोटिस क्यों भेजा गया है? उन्होंने आरोप लगाया कि बीजेपी ही ईडी को चला रही है। आम आदमी पार्टी (आप) ने कहा कि ईडी केजरीवाल को लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकना चाहती है। आप ने



सवाल पूछा कि जब ईडी ने अपनी चार्जशीट में लिखा है कि केजरीवाल आरोपी नहीं हैं, फिर उन्हें समन क्यों भेज रही है और उनकी गिरफ्तारी की तैयारी में क्यों है। आम आदमी पार्टी ने कहा, 'जो भ्रष्ट नेता बीजेपी में चले जाते हैं, उनके मामले बंद कर दिए जाते हैं। हमने कोई भ्रष्टाचार नहीं किया, हमारा कोई नेता बीजेपी में नहीं जाएगा।

# हेड कांस्टेबल को 5000 रुपये रिश्वत लेते हुए पकड़ा

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब विजिलेंस ब्यूरो ने राज्य में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रहे अपने अभियान के दौरान गुरुवार को लुधियाना के पुलिस पोस्ट कैलाश नगर, पुलिस स्टेशन डिवीजन नंबर 8 के मोहर्रिर हेड कांस्टेबल (एमएचसी) मन्दीप सिंह को 5,000 रुपये की रिश्वत मांगने और स्वीकार करने के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। विजिलेंस ब्यूरो के एक आधिकारिक प्रवक्ता ने आज यहां यह खुलासा करते हुए बताया कि 'थाना मुंशी' के रूप में तैनात आरोपी पुलिस अधिकारी को राजन एस्टेट, जोगिंदर नगर, हैबोवाल लुधियाना के निवासी महिदेव प्रसाद की शिकायत पर गिरफ्तार किया गया है।

विजिलेंस ब्यूरो पुलिस स्टेशन लुधियाना रेंज में आरोपी एमएचसी के खिलाफ भ्रष्टाचार निरोधक अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान पुलिस चौकी प्रभारी की भूमिका की भी जांच की जाएगी। उन्होंने बताया कि आरोपी को कल सक्षम न्यायालय में पेश किया जाएगा।

### बैंक से फ्रॉड करने वाला भगौड़ा काबू

पंजाब विजीलैंस ब्यूरो द्वारा पंजाब ग्रामीण बैंक, ब्रांच जगतपुर जट्टां, फगवाड़ा, ज़िला कपूरथला में हुए फ्रॉड के सम्बन्ध में भगौड़े चले आ रहे मुलजिम शरनजीत सिंह निवासी गाँव चक्क हकीम, फगवाड़ा, हाल निवासी बस्सी बलदाद, होशियारपुर को जाली दस्तावेज़ों के आधार पर मिलीभुगत से 25,00,000 रुपए का कर्ज मंजूर करवा कर बैंक से धोखाधड़ी करने के दोष अधीन गिरफ़्तार कर लिया है। विजीलैंस ब्यूरो के एक प्रवक्ता ने बताया कि उक्त धोखाधड़ी के विरुद्ध विजीलैंस एन्क्वायरी नंबर 10/2017 ज़िला जालंधर की पड़ताल पर मुकदमा थाना जालंधर में दर्ज किया हुआ है। उन्होंने बताया कि उक्त मुलजिम ने यह कर्ज बैंक मैनेजर हरभजन सिंह कपूर और बैक पैनल के वैलूयर सतीश कुमार शर्मा की मिलीभुगत से मंजूर करवाया था। उन्होंने बताया कि कि उपरोक्त मुकदमे में कुल 16 दोषी शामिल हैं, जिनमें से छह दोषियों - राज कुमार निवासी ठठियाला मोहल्ला, फगवाड़ा, वैलूयर सतीश कुमार शर्मा, सुभाष कुमार निवासी महन्दवानी, ज़िला होशियारपुर, अवतार सिंह निवासी आशा पार्क कॉलोनी, फगवाड़ा, पंकज निवासी मोहल्ला रतनपुरा, फगवाड़ा, राजेश कुमार निवासी मोहल्ला रतनपुरा, फगवाड़ा और सतीश झा निवासी गाँव चक्क हकीम, फगवाड़ा को गिरफ्तार किया जा चुका है। बाकियों की गिरफ्तारी के लिए विजीलैंस ब्यूरो द्वारा खोज की जा रही है।

# वडोदरा में नाव डूबी, 14 छात्रों और 2 शिक्षकों की मौत, 27 थे सवार

**वडोदरा.** गुजरात में वडोदरा के बाहरी इलाके में हरणी झील में गुरुवार को एक नाव के पलट जाने से कम से कम 14 स्कूली बच्चों और दो शिक्षकों की मौत हुई है। नाव में 27 छात्र सवार थे जो पिकनिक मनाने के लिए बाहरी इलाके में आए थे। छात्रों का पता लगाने के लिए तलाशी अभियान शुरू किया गया है क्योंकि बाकी छात्र लापता हैं।

गुजरात के शिक्षा मंत्री कुबेर डिंडोर ने कहा कि तलाशी अभियान के लिए एनडीआरएफ और दमकल कर्मियों को तैनात किया गया है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा कि प्रत्येक मृतक के निकटतम परिजन को पीएमएनआरएफ से 2 लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी जाएगी। घायलों को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। गुजरात के शिक्षा मंत्री कुबेर डिंडोर ने कहा कि मुझे अभी पता चला है कि स्कूली छात्रों को ले जा रही एक नाव झील में पलट जाने से छह बच्चों की मौत हो गई। बचाव अभियान जारी है। राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल (एनडीआरएफ) और अग्निशमन कर्मी अन्य एजेंसियों के साथ काम पर हैं।' वडोदरा के जिला कलेक्टर एबी गोर ने कहा कि नाव पर 27 बच्चे थे। उन्होंने कहा कि हम अन्य लोगों का पता लगाने और उन्हें बचाने की कोशिश कर रहे हैं।

# अकाली दल के चुनाव चिन्ह की गुरु नानक देव जी की तकड़ी से तुलना पर शिरोमणि कमेटी प्रधान चुप क्यों : मुख्यमंत्री

**भगवंत मान ने कहा- लोग धामी को अपने आकाओं को खुश करने वाली नीतियों के लिए माफ नहीं करेंगे**

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

अकाली दल के चुनाव चिन्ह की तुलना पहले सिख गुरु साहिब गुरु नानक देव जी के साथ करने बारे हरसिमरत कौर बादल के बयान पर शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान हरजिंदर सिंह धामी की चुप्पी पर पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने सवाल उठाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हैरानी की बात है कि हरसिमरत बादल के ऐसे गैर-जिम्मेदाराना और बेबुनियाद बयानों से हर सिख के दिल पर ठेस पहुँची है, लेकिन शिरोमणि कमेटी इस मुद्दे पर चुप है। उन्होंने कहा कि इससे स्पष्ट है कि धामी अकाली दल विशेष रूप से बादल परिवार के वफादार







वॉलंटियर से ज्यादा कुछ नहीं है। भगवंत सिंह मान ने कहा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि शिरोमणि कमेटी के प्रधान ने अपने आकाओं की सभी गलतियों पर आंखें बंद कर ली है, जिससे पूरे सिख समुदाय की भावनाएं आहत हो रही है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हरसिमरत बादल का यह बयान माघी के मौके पर आया है, लेकिन इस पूरे मामले पर धामी की चुप्पी ने पुष्टि कर दी है कि शिरोमणि कमेटी प्रधान बादलों की हाथों की कठपुतली से ज्यादा कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि यह इतना बुरा है कि बादल परिवार की कार्यवाही सिख मर्यादा के विपरीत होने के बावजूद शिरोमणि कमेटी प्रधान को उनमें कुछ भी गलत नहीं दिखता। भगवंत सिंह मान ने शिरोमणि कमेटी प्रधान को चेतावनी दी कि सिख संगत उन्हें अपने आकाओं को खुश करने की नीति के लिए माफ नहीं करेगी और उन्हें करारा सबक सिखाएगी।

मुख्यमंत्री ने धामी को चुनौती दी है कि वह मीडिया के सामने आए और अपने आकाओं और अकाली दल का हरकतों से बचाव करे। भगवंत सिंह मान ने कहा कि शिरोमणि कमेटी पहले भी मुख्यमंत्री पर सिखों के धार्मिक मामलों में दखल देने का आरोप लगाती रही है, लेकिन लोग अच्छी तरह जानते है कि शिरोमणि कमेटी और उसके प्रधान अकाली दल के हाथों की कठपुतली बनकर काम कर रहे है।

# गन्ना किसानों को 1 करोड़ रुपए से अधिक राशि जारी करने के आदेश

• **जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

पंजाब के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री गुरमीत सिंह खुड्डियां ने आज विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि संगरूर क्षेत्र के गन्ना किसानों के बैंक खातों में सोमवार तक गन्ने की बकाया राशि 1.05 करोड़ रुपए डाली जाए। इसके अलावा उन्होंने डिप्टी कमिश्नर संगरूर को इस महीने के अंत तक भगवानपुरा शुगर मिल से किसानों को बकाया राशि (लगभग 6.95 करोड़ रुपए) जारी करवाने के लिए भी कहा। कृषि मंत्री ने यह निर्देश गुरूवार को अपने दफ़्तर में संगरूर ज़िला प्रशासन, मैसर्ज भगवानपुरा शुगर मिल, धूरी के प्रबंधकों और गन्ना किसान संघर्ष समिति, धूरी के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान जारी किए।



गन्ना किसानों की समस्याओं को हमदर्दी से सुनते हुए स. गुरमीत सिंह खुड्डियां ने डिप्टी कमिश्नर, संगरूर जतिन्दर जोरवाल को यह भी सुनिश्चित बनाने के लिए कहा कि गन्ना किसानों को ख़रीद और लिफ्टिंग (उठवाई) में ढील जैसी किसी भी अनियमितता के कारण अपनी फ़सल बेचने में कोई दिक्कत पेश न आए।

# सुखपाल सिंह खैरा को सुप्रीम कोर्ट से राहत

**चंडीगढ़.** पंजाब के कांग्रेस विधायक सुखपाल सिंह खैरा को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिली है। ड्रग्स से जुड़े केस में उन्हें मिली जमानत को सुप्रीम कोर्ट ने रद्द करने से इनकार कर दिया है। अदालत ने पंजाब सरकार की याचिका को खारिज कर दिया। खैरा को पंजाब और हरियाणा हाई कोर्ट ने जमानत दी थी। इसके बाद पंजाब सरकार जमानत रद्द करवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट गई। उसने शीर्ष अदालत में याचिका दायर कर कहा था कि खैरा मामले को प्रभावित कर सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने एनडीपीएस एक्ट से जुड़े 2015 के मामले में जमानत देने संबंधी हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ पंजाब सरकार की अपील को खारिज किया।



# सही और गलत के बीच में फर्क नहीं कर पाते ये 3 लोग, दूर रहने में ही है भलाई




**SUCCESS MANTRA**

आपके परिवार या दोस्तों में कुछ ऐसे लोग हैं, जिनसे आपको यह शिकायत रहती है कि वो कभी सही और गलत के बीच में फर्क नहीं कर पाते हैं तो विदुर नीति में इस तरह के स्वभाव वाले 3 तरह के लोगों से बचने की सलाह दी...




• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

अक्सर कई लोग एक दूसरे से यह शिकायत करते हुए नजर आते हैं कि उनके दोस्त या परिवार के लोग, सही और गलत के बीच में फर्क नहीं कर पाते हैं। जिसकी वजह से कई बार ना सिर्फ उनकी भावनाएं आहत होती हैं बल्कि वो मुसीबत में भी पड़ जाते हैं। ऐसे लोगों के बारे में विदुर नीति में कहा गया है कि जो लोग सही को सही और गलत को गलत नहीं कह पाते वो मौका पड़ने पर दूसरों के लिए भी खतरा बन सकते हैं। आइए जानते हैं विदुर नीति में मनुष्य को ऐसे ही स्वभाव वाले किन 3 तरह के लोगों से बचने की सलाह दी गई है।

## गुस्सा करने वाले लोग

व्यक्ति को किसी बात या मौके पर गुस्सा आना, एक तरह का इमोशन हो सकता है। जिसमें कोई खराब बात भी नहीं है। लेकिन यदि कोई व्यक्ति स्वभाव से ही गुस्सैल हो तो ये खतरे का संकेत हो सकता है। जो लोग हर बात पर गुस्सा करते हैं वो विश्वास के लायक नहीं होते। क्रोध व्यक्ति की बुद्धि को नष्ट कर देता है और व्यक्ति सही गलत का निर्णय लेने की क्षमता खो देता है। ऐसे लोग कभी भी सही और गलत के बीच में फर्क नहीं कर पाते हैं।

## लापरवाह व्यक्ति

आजकल के बिजी लाइफस्टाइल की वजह से हर चीज को परफेक्ट तरीके से कर पाना किसी व्यक्ति के लिए थोड़ा मुश्किल काम हो सकता है। ऐसे में कभी-कभार किसी मामले में लापरवाही होने पर अनदेखा किया जा सकता है। लेकिन अगर किसी व्यक्ति के व्यक्तित्व में ही लापरवाही शामिल हो तो ऐसा व्यक्ति विश्वास के लायक नहीं होता। जरूरत पड़ने पर इनका लापरवाह स्वभाव आपको भी मुसीबत में डाल सकता है।

## नशे का आदी व्यक्ति

नशे के आदी व्यक्ति की निर्णय क्षमता धीरे-धीरे समाप्त हो जाती है। ऐसा व्यक्ति कभी भी सही और गलत के बीच में फर्क नहीं कर पाता है। ऐसे लोग भी आपकी सफलता और सेहत के दुश्मन होते हैं। ये लोग ना सिर्फ आपको मानसिक रूप से परेशान करते हैं बल्कि इनका साथ आपके विकास में भी रुकावट डालेगा।

**WINTER STYLE**

## सर्दियों में स्टाइलिश दिखना है तो पास रखें ये स्वेटर-ब्लेजर

सर्दियां आते ही लड़कियों के लिए मुश्किल खड़ी हो जाती है कि आखिर क्रिसमस से लेकर नए साल की पार्टी के लिए वो कैसे तैयार हों कि स्टाइलिश दिखने के साथ ही ठंड से भी बची रहें।



**सर्दियों का मौसम** शुरू हो चुका है। ऐसे में खुद को ठंड से बचाने के साथ ही अपनी स्टाइल के साथ समझौता करना लड़कियों को जरा भी पसंद नहीं होता। लेकिन ठंड में क्रिसमस से लेकर न्यू ईयर की पार्टी भी होती है। अगर आप इस बार अपना विंटर लुक कुछ नया सा चाहती हैं तो लेटेस्ट डिजाइन के ब्लेजर और स्वेटर को अपनी वॉर्डरोब का हिस्सा बनाएं। जिससे कि हर बार आप स्टाइलिश दिखने के साथ ही ट्रेंडी लुक में भी रेडी हो सकें।

**कलरफुल ब्लेजर :** इस बार सर्दियों की पार्टी में स्टाइलिश और ट्रेंडी लुक चाहती हैं तो अपनी वॉर्डरोब में कलरफुल फ्लोरल प्रिंट के ब्लेजर को रखें। ये आपके लुक को काफी खूबसूरत बनाएंगे। कटरीना कैफ की तरह ब्लैक बेस पर बने फ्लोरल प्रिंट वाला ब्लेजर स्टाइलिश लुक के लिए काफी है। जिसे आप मैचिंग ट्राउजर से लेकर जींस और ड्रेस के साथ भी कैरी कर सकती हैं।

**ओवरसाइज कार्डिगन :** ओवरसाइज चैन लगे कार्डिगन भी इस सीजन में आपको ट्रेंडी लुक देंगे। इसे आप लेयरिंग करके पहने। जिससे कि ठंड से भी बचत हो और स्टाइलिश लुक भी मिले। पेस्टल कलर के कार्डिगन आसानी से कपड़ों के साथ मैच कर सकती हैं।

**हटके डिजाइन के ओवरसाइज पुलोवर :** ठंड में मूवी डेट पर जाना है या फिर कॉलेज। इस तरह के स्वेटर आसानी से ठंड से बचाने के साथ ही स्टाइलिश दिखते हैं। प्रिंटेड स्वेटर से लेकर क्रोशिया से बने जालीदार पुलोवर काफी खूबसूरत लगते हैं और परफेक्ट लुक देते हैं। तो अगर विंटर कपड़ों की शॉपिंग करने वाली हैं तो अपने लिए इन खास डिजाइन के स्वेटर और ब्लेजर को अपनी अलमारी का हिस्सा बनाएं।



## खाने का स्वाद बढ़ा देगा ये इंस्टेंट हरी मिर्च का अचार, बनाने के लिए फॉलो करें टिप्स

इन टिप्स की मदद से आप सिर्फ 10 मिनट में रेस्त्रां में मिलने वाला तीखा हरी मिर्च का घर पर ही बना सकते हैं।




• **जालंधर ब्रीज.** रेसिपी

अगर आप भी तीखा खाने के शौकीन हैं और खाने का स्वाद बढ़ाने के लिए थाली में तीखा मसालेदार अचार रखना कभी नहीं भूलते तो मास्टर शेफ संदीप आपके लिए लेकर आए हैं इंस्टेंट हरी मिर्च का अचार बनाने के आसान कुकिंग टिप्स। इन टिप्स की मदद से आप सिर्फ 10 मिनट में रेस्त्रां में मिलने वाला तीखा हरी मिर्च का घर पर ही बना सकते हैं। तो आइए बिना देर किए जान लेते हैं कैसे कुछ आसान टिप्स फॉलो करके घर पर ही बनाया जाता है हरी मिर्च का इंस्टेंट अचार।

**टिप 1**- 1/4 कप सौंफ,1 बड़ा चम्मच मेथी के दाने,1/4 कप राई के दाने एक पैन में डालकर तब तक हल्का भूनते रहे जब तक इनमें से खुशबू आने नहीं लगती। इसके बाद गैस को बंद करके इन मसालों को ठंडा करके मिक्सी में इनका दरदरा पाउडर बना लें।

**टिप 2**-सूखी हुई मिर्च में एक बड़ा चम्मच हल्दी पाउडर, 1 बड़ा चम्मच कश्मीरी लाल मिर्च पाउडर, 2 बड़े चम्मच नमक, पहले से तैयार किया हुआ अचार मसाला, 1 बड़ा चम्मच कलौंची,1/4 कप सफेद सिरका डालकर सबी चीजों को अच्छी तरह मिला लें।

**टिप 3**-अचार हमेशा सरसों के तेल में डाला जाता है। सरसों के तेल में एंटीबैक्टीरियल और एंटीफंगल प्रॉपर्टी होती हैं, जो अचार को खराब होने से बचाती हैं। इसके बाद पैन में एक कप सरसों का तेल धुआ उठने तक गर्म करें। उसके बाद गैस बंद करके तेल को थोड़ा सा ठंडा होने दें। इस बीच एक कोयले का टुकड़ा लेकर उसे गैस के बीच में गर्म होने के लिए रख दें। अगर सरसों का तेल थोड़ा ठंडा हो जाए तो उसमें 1/4 चम्मच हींग डालकर इस तेल को हरी मिर्च के अचार के ऊपर डाल दें। अब इस अचार को एक दिन रेस्ट करने के लिए रख दें।

**टिप 4**-अचार को हमेशा सूखे हुए कांच या चीनी मिट्टी के बर्तन में डालकर स्टोर करके रखें। ये बर्तन नॉन रिएक्टिव होने की वजह से लंबे समय तक अचार को अच्छा बनाए रखते हैं।

**टिप 5**-कांच के जार को स्टरलाइज करने के लिए गर्म कोयले में हींग डालकर उसका धुआं जार को लगाकर उसमें अचार को डालकर स्टोर करके रख दें।

## बच्चों के लिए कौन सा दूध है बेहतर गाय या भैंस?

**COW VS BUFFALO MILK**



अपने बहुत छोटे बच्चों को गाय या भैंस, किस जानवर का दूध पिलाया जाए तो आपकी टेंशन को दूर करने के लिए पीडियाट्रिशियन अर्पित गुप्ता ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया है।

• **जालंधर ब्रीज.** फीचर

शरीर के संपूर्ण विकास के लिए दूध को एक कंपलीट फूड माना जाता है। दूध में कैल्शियम, प्रोटीन, विटामिन और खनिज लवण पाए जाते हैं जो बच्चे की वृद्धि और विकास के लिए जरूरी हैं। अगर आप मां के दूध के बाद बच्चे के लिए गाय या भैंस का दूध लगवाने की सोच रहे हैं लेकिन इस सवाल से परेशान हैं कि अपने बहुत छोटे बच्चों को गाय या भैंस, किस जानवर का दूध पिलाया जाए तो आपकी टेंशन को दूर करने के लिए पीडियाट्रिशियन ने बताया है। बच्चे की सेहत के लिए गाय या फिर भैंस कौन सा दूध है अच्छा।

माता-पिता चाहते हैं कि उनके बच्चे की सेहत हमेशा अच्छी बने रहे और इसीलिए वे बच्चों के खानपान पर पूरा ध्यान भी देते हैं। यही वजह है कि कुछ लोग गाय के दुध को इस्तेमाल में लेते हैं तो वहीं कुछ लोग भैंस के दूध का इस्तेमाल करते हैं। ऐसे में लोगों के दिमाग में अक्सर ये बात घूमते रहती है कि आखिर दोनों दूध में फर्क क्या है?

**बच्चे के लिए गाय का दूध क्यों है बेहतर**

- गाय के दूध में भैंस के दूध की तुलना में प्रोटीन और फैट कम मात्रा में होता है। जिसकी वजह से यह हल्का और पचने में ज्यादा आसान है।
- गाय के दूध में सेल्युलोट की मात्रा कम और पानी की मात्रा ज्यादा होने से यह बच्चे की किडनी की सेहत को अच्छा बनो रखने में मदद करता है।
- गाय का दूध पतला होता है। इसमें करीब 90 प्रतिशत पानी होता है जो शरीर को हाइड्रट रखता है।
- बच्चों को गाय का दूध पिलाने चाहिए। इस दूध को पचाना आसान होता है और इसमें विटामिन डी की मात्रा ज्यादा होती है।

**कब से देना शुरू करना चाहिए बच्चे को एनिमल मिल्क**

- डॉक्टर अर्पित गुप्ता कहते हैं कि छोटे बच्चों को गाय या भैंस का दूध उसके एक साल से बड़ा होने पर देना शुरू करना चाहिए।

**बच्चे को कितना दूध पिलाना सही**

- बच्चों को ज्यादा से ज्यादा 500 से 600 मिलीलीटर दूध रोजाना दिया जा सकता है। इससे ज्यादा दूध बच्चे को पिलाने पर बच्चे को एनीमिया या कब्ज की शिकायत हो सकती है।

## हरी बींस की फलियां सेहत के लिए है गजब फायदेमंद

**HEALTH TIPS**

हरी बींस की फलियां अक्सर मार्केट में आसानी से मिल जाती है। इन फ्रेंच बींस को खाने के बहुत सारे फायदे हैं। बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लेकर हार्ट हेल्थ के लिए फायदेमंद...



• **जलंधर ब्रीज.** हेल्थ केयर

हरी-हरी बींस तो मार्केट में खूब मिलती है। जिसे फ्रेंच बींस भी कहते हैं। अक्सर बींस को नूडल्स, पास्ता या सलाद के रूप में खाते हैं। लेकिन आप जानते हैं कि अगर बींस को रोजाना खाया जाए तो ये सेहत के लिए बेहद फायदेमंद है। इसमे काफी सारे ऐसे तत्व हैं जो लाइफस्टाइल से जुड़ी बीमारियों को रोकने में मदद करते हैं। विटामिन सी, बीटा कैरोटिन, एंटीऑक्सीडेंट्स से भरपूर बींस सस्ती और फायदेमंद सब्जी है। इसे रोजाना खाने से ये सारे फायदे होते हैं। सबसे खास बात कि बींस को आप आसानी से मार्केट में हर सीजन में देख सकते हैं।

### *बैड कोलेस्ट्रॉल को करता है कम*

ग्रीन बींस को अगर रोजाना डाइट में शामिल किया जाए तो ये शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को बढ़ने से रोकता है। अमेरिकन हार्ट एसोसिएशन के मुताबिक बींस में मौजूद प्रोटीन और फाइबर की ज्यादा मात्रा कोलेस्ट्रॉल लेवल को कम करती है।

### *ब्लड प्रेशर को करती है रेगुलेट*

ग्रीन बींस में फोलेट और पोटैशियम की अच्छी खासी मात्रा होती है। जिसकी वजह से ये ब्लड प्रेशर को रेगुलेट करने में मदद करती है। साथ ही हार्ट हेल्थ को भी सुधारती है।

### *इम्यूनिटी बढ़ाएगी*

ग्रीन बींस में विटामिन सी और बीटा कैरोटिन जैसे तत्व होते हैं। जो शरीर की रोगों से लड़ने की क्षमता को पर असर डालती है और इम्यूनिटी को मजबूत बनाती है।

आंतों की सेहत में सुधार करती है

ग्रीन बींस को अगर रोजाना खाया जाए तो इसमे मौजूद फाइबर कब्ज को दूर करता है और आंतों की सेहत को सुधारता है। अमेरिक हार्ट एसोसिएशन के मुताबिक इससे कोलन कैंसर का खतरा भी कम होता है।

### *वेट लॉस में मदद*

वेट लॉस के लिए अगर वेजिटेबल्स और सलाद को डाइट में शामिल कर रहे हैं तो ग्रीन बींस को जरूर ऐड करें। फाइबर और जरूरी पोषक तत्वों की वजह से ये वेट लॉस में मदद करता है। सबसे खास बात कि फाइबर होने की वजह से बींस खाने के बाद पेट काफी देर तक भरा रहता है।

### *डायबिटीज में भी असरदार*

डायबिटीज के मरीज वेजिटेबल्स में ग्रीन बींस को शामिल कर सकते हैं। फाइबर की ज्यादा मात्रा और कार्बोहाइड्रेट की कमी इसे शुगर पेशेंट के लिए फायदेमंद बनाती है।

***नोट :** यह लेख मात्र सामान्य जानकारी के लिए है। किसी भी तरह के प्रयोग या चिकित्सा से पहले विशेषज्ञ की राय अवश्य लें।*

# हरियाणा के हिसार से आए किसानों ने संसद भवन का भ्रमण किया व उपराष्ट्रपति से मुलाकात की

- "छोरा-छोरी में कोई फर्क नहीं बचा है, बल्कि छोरी थोड़ी ज्यादा आगे पहुंच गई हैं" – उपराष्ट्रपति
- धनखड़ की किसानों से अपील - गांव में भाईचारा बढ़ाओ, मिलजुल कर रहो






**• जालंधर ब्रीज .** नई दिल्ली

भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के निमंत्रण पर हरियाणा के हिसार से आए किसानों ने आज नए संसद भवन का भ्रमण किया और उपराष्ट्रपति से मुलाकात की।

ज्ञात रहे कि उपराष्ट्रपति ने पिछले महीने 26 दिसंबर को हिसार स्थित ICAR – केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान का दौरा किया था। तब धनखड़ ने वहां उपस्थित किसानों से मुलाकात की थी और उन्हें दिल्ली आकर नया संसद भवन देखने को आमंत्रित किया था। उपराष्ट्रपति ने अपने देसी अंदाज में किसानों से कहा था कि "दिल्ली आवो थारो घर सै।"

उपराष्ट्रपति के निमंत्रण पर आज केंद्रीय भैंस अनुसंधान संस्थान के वरिष्ठ अधिकारी और वैज्ञानिक किसानों के साथ दिल्ली पहुंचे जहां उन्हें संसद भवन का गाइडेड टूर कराया गया। उपराष्ट्रपति से मुलाकात के बाद सभी किसानों ने संसद भवन में लंच किया। इसके बाद वे उपराष्ट्रपति निवास पर पहुंचे जहां किसान भाई बहनों का स्वागत सत्कार (डॉ) सुदेश धनखड़ द्वारा किया गया। Jewra, Badopati, Dhiktana, Beed Babran, Sarsod, Balak, Bichpari और Bhatol Jattan गांवों के 40 किसान उपराष्ट्रपति से मिले जिनमें 10 महिला किसान भी थीं।

उपराष्ट्रपति निवास पर हरियाणा की उत्साही महिला किसानों ने स्वरचित लोकगीत गाया जिसके बोल थे – "जगदीप धनखड़ ने फोन करया था जल्दी आइयो संसद में... आई मैं क्यूंकर आऊं, मेरा ससुरा रोज लड़े सै"। उपराष्ट्रपति भी लोकगीत की धुन पर स्वयं को थिरकने से न रोक सके।



उपराष्ट्रपति ने किसानों से कहा कि दुनिया में सबसे बड़ा व्यापार कृषि उत्पादन का है। गेहूं, बाजरा, चावल, दाल, सब्जी, दूध सब कृषि का है और किसान इनको पैदा करता है और पसीना बहाकर मेहनत करता है। उन्होंने कहा कि केवल खेती नहीं, बल्कि कृषि उत्पादों के व्यापार में भी किसानों को दिलचस्पी लेनी चाहिए। धनखड़ ने कहा कि किसान की मंडी के अंदर दुकान भी होनी चाहिए और किसान के बच्चों को व्यापार में पड़ना चाहिए।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमें ऐसा लगता है कि "छोरा पढ़ लिखकर यह व्यापार क्यों करें? उसे तो नौकरी करनी चाहिए। व्यापार में बहुत दम है। यह संकल्प ले लेना चाहिए कि अपने बच्चे पढ़ लिख के और भी काम करें पर कृषि के उत्पादन से व्यापार जरूर करें।"

धनखड़ ने आगे कहा कि किसान को अपने उत्पादन में वैल्यू ऐड करनी चाहिए। दूध का पनीर, और सरसों का तेल निकालकर बेचना चाहिए।

महिला किसानों से बात करते हुए उपराष्ट्रपति जी ने कहा कि "छोरा-छोरी में कोई फर्क नहीं बचा है। जो थोड़ा एक फर्क है यह है कि छोरी थोड़ी ज्यादा आगे पहुंच गई है।" हरियाणा के अखाड़ों का जिक्र करते हुए धनखड़ ने कहा कि हमारे अखाड़े गुरुकुल जैसे हैं जब हरियाणा के अखाड़े के लोग मुझसे मिले थे, तो मैं तो उनसे मिलकर दंग रह गया। मैंने कहा बच्चों को दूध कहां से मिलता है, तो वह कहते हैं कि गांव के लोग देते हैं। खाने पीने की व्यवस्था कैसे होती है, तो बोले की सामूहिक रूप से होती है। बच्चे खूब एक्सरसाइज करते हैं इसका मतलब बच्चों में कोई बुरी आदत नहीं आती है। उपराष्ट्रपति ने आगे कहा – अखाड़े में जाने से बच्चों के बिल्कुल बुरी आदत नहीं आती है। अखाड़े का मतलब... अपना जो चरित्र है यह सोने का रहता है। अखाड़े में जाने वाला छोरा कभी यह ड्रग कभी नहीं लेता। उसका ध्यान पॉजिटिव रहता है।

धनखड़ ने किसानों से अपील की कि गांव में भाईचारा बढ़ाओ। समाज को जाति में बांटने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि शरीर का हर एक अंग जरूरी है, कहीं भी थोड़ी चोट लग जाए तो दिमाग विचलित हो जाता है सीने में दर्द होता है पूरी परेशानी हो जाती है। तो समाज को कोई बांट नहीं सका है, समाज एक है, और यही आज देश की परंपरा है।

# गुजरात भविष्य की सोच के साथ आगे बढ़ रहा है और विकसित भारत का गेटवे गुजरात से होकर गुजर रहा है : अमित शाह

## मोदी जी देश के आत्मविश्वास को जगाने के लिए स्वामी विवेकानंद जी के रास्ते पर चल रहे हैं

**• जालंधर ब्रीज .** गुजरात

केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने गुजरात के गांधीनगर में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट के समापन समारोह को संबोधित किया। इस अवसर पर गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल, केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री पुरुषोत्तम रुपाला, जम्मू-कश्मीर के उप-राज्यपाल मनोज सिन्हा सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

अपने सम्बोधन में अमित शाह ने कहा कि वह उन सौभाग्यशाली लोगों में से हैं, जो पहली वाइब्रेंट गुजरात समिट में भी मौजूद थे और दसवीं समिट में भी उपस्थित हैं। उन्होंने कहा कि बीते बीस साल का यह कालखंड गुजरात के माध्यम से देश के विकास को दिशा देने वाला रहा है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की परिकल्पना से शुरू हुई इस समिट के जरिए ढेर सारी चीजों में गुणात्मक परिवर्तन आया है।

अमित शाह ने कहा कि वाइब्रेंट गुजरात समिट की शुरुआत के समय और आज के समय में गुजरात और पूरे भारत में बड़ा अंतर नजर आ रहा है। उन्होंने कहा कि इस बात पर हमें गर्व है कि पूरी दुनिया में उत्पादन और निवेश के लिए भारत ही सबसे चहेता डेस्टिनेशन है और भारत में सबसे चहेता डेस्टिनेशन गुजरात है। बीस



साल पहले हुई युगपरिवर्तनकारी शुरुआत को अब आगे बढ़ाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि दो दशक पहले देश की जनता ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के विजन और गुजरात मॉडल को स्वीकार करते हुए पूरे देश का नेतृत्व दिया और एक दशक के अंदर इतना बड़ा परिवर्तन हम देश के अंदर देख रहे हैं कि जब नरेंद्र मोदी जी ने देश का प्रधानमंत्री पद संभाला तब हमारी अर्थव्यवस्था दुनिया की अर्थव्यवस्था की तालिका में ग्यारवें नंबर पर थी, आज हम सम्मान के साथ पांचवें नंबर पर खड़े हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि नरेंद्र मोदी जी जब तीसरी बार प्रधानमंत्री बनेंगे तो हम पांच साल के अंदर दुनिया की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन कर दुनिया के सामने गौरव के साथ खड़े होंगे। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की तीसरी टर्म में ही हम देखेंगे कि भारत 15 साल के कालखंड में दुनिया की तीसरे नंबर की अर्थव्यवस्था बन गया।

अमित शाह ने कहा कि पिछले दिनों भारत की अध्यक्षता में हुई जी–20 समिट में दुनिया ने न केवल वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर के नारे को न केवल सराहा बल्कि उसे आत्मसात भी किया। उन्होंने कहा कि वेदों और उपनिषदों का वसुधैव कुटुम्बकम का श्लोक पूरी दुनिया के लिए गाइड करने वाला एक मंत्र बना है। यह हर भारतीय के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने कहा कि भारत आज विश्वमित्र बनकर उभरा है।

शाह ने कहा कि आज 12 जनवरी यानी विवेकानंद जयंती है। वह विवेकानंद ही थे जिन्होंने कई सदियों से विदेशी आक्रमण से क्षत–विक्षत हुए भारत के आत्मविश्वास को बल दिया था, युवाओं में आत्मविश्वास भरा था और उसी की नींव पर आज महान भारत की रचना होने जा रही है। गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि बीते 20 साल में वाइब्रेंट गुजरात समिट ने आइडियाज को रिफॉर्म, इनोवेशन को प्लेटफॉर्म और इनवेस्टमेंट को धरती पर उतारने का काम किया है, जिससे न केवल गुजरात बल्कि पूरे देश के अर्थतंत्र और इकनॉमी को फायदा हुआ है। उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट गुजरात के मॉडल को देश के कई राज्यों ने अपने यहां अपनाया, आगे बढ़ाया और कई राज्य औद्योगिक विकास के लिए इसी मॉडल पर आगे बढ़े हैं।

# गणतंत्र दिवस परेड 2024 के लिए आमंत्रित किये गये क्षेत्र के लाभार्थियों ने अपने प्रत्यक्ष अनुभव साझा किए

**• जालंधर ब्रीज .** चंडीगढ़

प्रेस सूचना ब्यूरो (पीआईबी) चंडीगढ़ ने चंडीगढ़ में एक "वार्तालाप" मीडिया कार्यशाला का आयोजन किया, जिसमें पीआईबी के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) राजेंद्र चौधरी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। यशु दीप सिंह, आईएफएस, प्रवासी संरक्षक, चंडीगढ़, इस अवसर पर सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। पीआईबी चंडीगढ़ द्वारा गणतंत्र दिवस परेड 2024 में भाग लेने के लिए आमंत्रित किये गए क्षेत्रीय लाभार्थियों को निमंत्रण दिये जाने से यह सभा एक महत्वपूर्ण क्षण साबित हुई।

कार्यक्रम की शुरुआत राजेंद्र चौधरी और यशु दीप सिंह द्वारा दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई, जो प्रगति और समृद्धि का प्रतीक है। इसके बाद, एडीजी राजेंद्र चौधरी ने विकसित भारत संकल्प यात्रा (वीबीएसवाई) की उपलब्धियों पर प्रकाश डालते हुए एक व्यावहारिक प्रस्तुति दी। उन्होंने अंतिम मील तक पहुंचने और यह सुनिश्चित करने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया कि सेवाएं प्रभावी ढंग से प्रदान की जाती हैं। उन्होंने कहा, "वीबीएसवाई सशक्तिकरण की यात्रा रही है, जहां सरकार जमीनी स्तर पर लोगों तक पहुंची है। समावेशिता पर जोर दिया गया है, यह सुनिश्चित करते हुए कि विभिन्न योजनाओं का लाभ देश के हर कोने तक पहुंचे।" विस्तृत प्रस्तुति में बताया गया कि कैसे सरकार के प्रयासों ने 15



करोड़ से अधिक व्यक्तियों के जीवन को प्रभावित किया है, जो समावेशी विकास को बढ़ावा देने में पहल की सफलता का प्रमाण है।

विकसित भारत संकल्प यात्रा (वीबीएसवाई) की उल्लेखनीय उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए, एडीजी राजेंद्र चौधरी ने यात्रा के बहुमुखी प्रभाव पर प्रकाश डाला। उन्होंने खुलासा किया कि यात्रा के दौरान, 1.2 लाख से अधिक ड्रोन प्रदर्शन हुए, जो सार्वजनिक जुड़ाव के लिए सरकार के अभिनव दृष्टिकोण को प्रदर्शित करते हैं। इसके अतिरिक्त, देश की प्रगति के लिए सामूहिक प्रतिबद्धता का प्रदर्शन करते हुए, 11 करोड़ से अधिक लोगों की प्रभावशाली संख्या ने संकल्प प्रतिज्ञा में सक्रिय रूप से भाग लिया।

चौधरी ने स्वास्थ्य सेवा में महत्वपूर्ण प्रयासों पर प्रकाश डाला और बताया कि स्वास्थ्य शिविरों में चार करोड़ से अधिक लोगों की जांच की गई, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य पर सरकार के सक्रिय रुख को दर्शाता है। लगभग दो करोड़ आयुष्मान भारत कार्ड जारी करना एक और महत्वपूर्ण मील का पत्थर था, जिसने नागरिकों को आवश्यक स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच प्रदान की।

वार्तालाप में, यशु दीप सिंह, आईएफएस, प्रवासियों के संरक्षक, विदेश मंत्रालय, चंडीगढ़ ने एक खतरनाक प्रवृत्ति का खुलासा किया, जिसमें विदेशी नौकरी चाहने वाले तेजी से भ्रामक भर्ती एजेंटों का शिकार बन रहे हैं, जो भ्रामक प्रथाओं को अपना रहे हैं। सिंह ने स्थिति की गंभीरता पर जोर देते हुए खुलासा किया, "हमने ऐसे मामलों में उल्लेखनीय वृद्धि देखी है जहां विदेशी नौकरी चाहने वालों को अपंजीकृत भर्ती एजेंटों द्वारा नकली नौकरी की पेशकश के माध्यम से ठगा जा रहा है, इसके साथ ही 2 से 5 लाख रुपये या उससे अधिक तक की अत्यधिक अधिक वसूली भी की जा रही है।"

# कांग्रेस की न्याय यात्रा छलावा, इनके यहां कांग्रेसी नेताओं को ही नहीं मिल रहा न्याय : अनुराग ठाकुर

**• जालंधर ब्रीज .** हिमाचल प्रदेश/नई दिल्ली

मकर संक्रांति के पावन पर्व पर केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर आज अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश के हमीरपुर और ऊना जिले में रहे। अनुराग ठाकुर ने आज विशेष रूप से ऊना जिले में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के छः प्रमुख उत्सवों में एक मकर संक्रांति के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सर कार्यवाह आदरणीय दत्तात्रेय जी होसबोले जी व सम्मानित जनता के साथ पूरे उल्लास के साथ सूर्य के उत्तरायण आगमन का पर्व मनाया। इसके साथ हीं इस सुअवसर पर हमीरपुर सांसद ने आम जनमानस के जीवन में सुख, समृद्धि और उत्तम स्वास्थ्य की कामना की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के स्वच्छ तीर्थ अभियान के आह्वाहन पर आज केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल व युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर अपने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के ऊना के प्रसिद्ध डेरा बाबा रुद्रानंद आश्रम में श्रमदान करते हुए परिसर की साफ़ सफ़ाई की।

इसके पश्चात अनुराग ठाकुर ने ऊना में भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा आयोजित कार्यक्रम में सम्मिलित होकर सम्मानित जनता के साथ मोदी सरकार द्वारा अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए किए गए विभिन्न कार्यों पर विस्तृत प्रकाश डाला। अनुराग ठाकुर ने कहा, "आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार दलितों, शोषितों व वंचितों को मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें संवैधानिक अधिकार के साथ साथ सामाजिक न्याय और समान अवसर देने के लिए प्रतिबद्ध है। अनुसूचित जाति के विकास के लिए, उनकी पढ़ाई के लिए, उनको मुख्यधारा में लाने के लिए मोदी सरकार ने विशेष योजनाओं पर काम किया है।"

अनुराग ठाकुर ने कहा, "मोदी जी के पिछले 9 वर्षों में वंचित हीं वरीयता में हैं। "संविधान दिवस मनाने की शुरुआत मोदी सरकार ने की. पंच तीर्थ को विकसित करने का काम मोदी सरकार ने किया. आज देश के सर्वोच्च पद पर एक आदिवासी महिला है तो यह भी मोदी सरकार में ही संभव हुआ। इससे पहले हमारे राष्ट्रपति जी अनुसूचित जाति से आते थे। आज






हमारे 10 से ज्यादा मंत्री अनुसूचित जाति के हैं। कई राज्यपाल अनुसूचित जाति से हैं। यह सब मोदी सरकार में हीं संभव हुआ। आज मोदी सरकार अपने विभिन्न लोक कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से अनुसूचित जाति के लोगों को अंत्योदय से आत्मनिर्भरता की ओर ले जा रही है।"

इंडी गठबंधन और कांग्रेस पर प्रहार करते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़ और राजस्थान में मिली करारी शिकस्त के बाद आज सहयोगी दल भी कांग्रेस के साथ गठबंधन करने में कतरा रहे हैं। डूबते जहाज पर कोई सवारी नहीं करना चाहता। कांग्रेस तो डूबी ही है, अपने साथ अन्य दलों को भी डूबा रही है। उधर बंगाल में ममता बनर्जी सीटें देने को तैयार नहीं हैं। इधर नीतीश कुमार जी संयोजक बनने के लिए तैयार नहीं हैं। शरद पवार जी अपना पल्ला झाड़ रहे हैं और जब खड़गे जी का नाम आया तो गांधी परिवार तैयार नहीं है। यह गठबंधन नहीं सिर्फ इंटरटेनमेंट है।"

नेताओं द्वारा लगातार कांग्रेस छोड़ने पर चुटकी लेते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा, "कांग्रेस की न्याय यात्रा छलावा है। आज जिस कांग्रेस में राहुल गांधी और सोनिया गांधी लोगों को न्याय दिलाने की बात करते हैं वहां कांग्रेस के नेताओं को हीं न्याय नहीं मिल रहा है। एक के बाद एक बड़ा नेता कांग्रेस को छोड़ रहा है। कपिल सिब्बल जी, गुलाम नबी आजाद जी, अश्विनी कुमार जी, हिमंता बिस्वा शर्मा जी, सुरेश जाखड़, आरपीएन सिंह, अनिल एंटोनी, हार्दिक पटेल, ज्योतिरादित्य सिंधिया और अब मिलिंद देवड़ा ने भी कांग्रेस छोड़ दी है। अपनी पार्टी में ही न्याय न मिलने के कारण आज कांग्रेस छोड़ने वालों की लंबी लाइन लगी है। भारतीय जनता पार्टी में सभी को सम्मान मिला है। हम अच्छे लोगों को अपना परिवार मानते हैं। यही कारण है की आज कोई मुख्यमंत्री है, कोई केंद्रीय मंत्री है, कोई सांसद है, कोई विधायक है। आज लोग मोदी जी के विकास के साथ जुड़ना चाहते हैं।"

आगामी 22 जनवरी को अयोध्या धाम में होने वाले भव्य प्राण प्रतिष्ठा समारोह पर बोलते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा, "हमारी कई पीढ़ियां राम मंदिर आंदोलन के साथ खप गईं। कई कार्यकर्ताओं ने अपना पूरा जीवन उसके लिए समर्पित कर दिया। हमारे चुनावी मेनिफेस्टो में श्री राम मंदिर का नाम देखकर कांग्रेस और विपक्षी दल कहते थे कि भाजपा वाले मंदिर तो बनाएंगे लेकिन तारीख नहीं बताएंगे। आज जब मंदिर बन गया, तारीख तय हो गई, प्राण प्रतिष्ठा होने वाली है, तब यही विपक्षी दल भागने का काम कर रहे हैं। यह वही लोग हैं जिन्होंने श्री राम को काल्पनिक बताया था। यह वही लोग हैं जिन्होंने हमें अपने श्री राम लला को टेंट में रखने पर मजबूर किया था। इन्होंने फिर से बाबरी मस्जिद बनवाने का भरपूर प्रयास किया। इन्होंने राम मंदिर के निर्माण में बाधा डालने के लिए वकीलों की फौज खड़ी की। तो हम यह कैसे अपेक्षा कर सकते हैं कि कांग्रेस के लोग श्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में अयोध्या आएंगे?

अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि आज भारतीय जनता पार्टी ने पूरे देश को राममय किया है। "मेरा आप सभी से अनुरोध है की राष्ट्र निर्माण के अभियान में जो भी भारतीय जनता पार्टी से जुड़ना चाहे उसे अवश्य जोड़ें। हम सभी को मिलकर तीसरी बार मोदी जी को पूर्ण बहुमत के साथ प्रधानमंत्री बनाना है।"

## पश्चिम बंगाल सरकार भ्रष्टाचारियों की पनहागार : अनुराग

**• जालंधर ब्रीज.** बंगाल/ नई दिल्ली

केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण और युवा एवं खेल मामलों के मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर आज पश्चिम बंगाल प्रवास पर हैं। कोलकाता एयरपोर्ट पर पत्रकारों से वार्तालाप करते हुए ठाकुर ने विभिन्न राजनीतिक मुद्दों पर अपनी प्रतिक्रिया दी और मीडिया के सवालों का भी जवाब दिया। पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार पर निशाना साधते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा कि आज ममता दीदी के राज में पश्चिम बंगाल की कानून व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। जो पैसा जनता की भलाई के लिए आता है उसे लूटने का पूरा प्रबंध यहां है। भ्रष्टाचार के मामलों में कार्रवाई करने आई ईडी की टीम पर भी यहां पथराव और मारपीट कर उनका सर फोड़ने का काम किया जाता है। पश्चिम बंगाल की सरकार भ्रष्टाचारियों की पनाहगार है। क्या ममता बनर्जी ने अपने मंत्रियों, सांसदों और विधायकों को लूट की खुली छूट दे रखी है या यह लोग इनकी सुनते नहीं हैं? पश्चिम बंगाल में अगर किसी पुलिस अधिकारी के ऊपर भी भ्रष्टाचार के आरोप लगते हैं तो ममता बनर्जी उसको बचाने के लिए सड़क पर उतर आती हैं। रेड होती है। करोड़ों रुपए बरामद होते हैं। टीएमसी के ही लोगों का नाम उसमें क्यों आता है?

अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि कल पूरे भारत में स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के उपलक्ष पर राष्ट्रीय युवा महोत्सव मनाया गया लेकिन पश्चिम बंगाल के युवाओं को इनमें शामिल नहीं होने दिया गया। क्यों?

अनुराग ठाकुर ने आगे कहा कि ममता बनर्जी ने पश्चिम बंगाल में तुष्टिकरण की पराकाष्ठा खड़ी कर दी है। आज जब पूरे देश में राम नाम की गूंज है तब पश्चिम बंगाल में हिंदुओं को खुशियां भी नहीं मानने दिया जा



रहा। यहां कर्फ्यू जैसी स्थिति लगा दी गई है। अब हिंदू साधुओं के साथ मारपीट और उनकी हत्या के प्रयास के मामले सामने आए हैं। लगातार मीडिया में खबर चलाने के बाद अब जाकर कार्रवाई हुई है। ममता बनर्जी बताएं यह हिंदू विरोधी सोच क्यों?

आगे दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से जुड़े सवाल के जवाब में अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा, "जो लोग कभी कांग्रेस के भ्रष्टाचार और देश से भ्रष्टाचार हटाने की बात करते थे वह आज स्वयं भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे हैं। आज उनके उपमुख्यमंत्री, मंत्री, सांसद सब जेल में हैं। किसी को बेल नहीं मिल रही। अरविंद केजरीवाल जी ने सिर्फ भ्रष्टाचार और अराजकता फैलाई है। जब जांच होती है तो यह लोग भागने का काम करते हैं।"

आगे INDI एलाइंस के सवाल पर अनुराग ठाकुर ने कहा, "आज घमंडियां गठबंधन का अहंकार सर चढ़कर बोल रहा है। एक नेता दूसरे से बात नहीं करता। पश्चिम बंगाल में ही अधीर रंजन चौधरी साहब कुछ और कहते हैं, ममता बनर्जी कुछ और कहती हैं। आज सभी कैंप के नेता कमाई करने में लगे हैं।

आगे आर्थिक सवालों के जवाब में अनुराग ठाकुर ने कहा, "2013-14 में यूपीए शासन काल के दौरान 13% महंगाई दर थी। आज 5% है। 2013-14 में नाही रसिया यूक्रेन वार था, ना कोविड आया था और ना ही विश्व मंदी की ओर जा रहा था।

# 18 सेवा केंद्रों में चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़

## 11 प्रिंटर, चार एलईडी, तीन रंगीन प्रिंटर, एक स्कैनर, 19 डेस्कटॉप, तीन की-बोर्ड सहित तीन गिरफ्तार

**• जालंधर ब्रीज.** जालंधर

पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा के नेतृत्व में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए रात के समय 18 सेवा केंद्रों में चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़



कर मास्टरमाइंड सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। डीसीपी संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि 16 दिसंबर 2023 को लद्देवाली और ढिलवां स्थित सेवा केंद्रों में दो चोरियां हुई थीं। उन्होंने बताया कि चोरों ने इन सर्विस सेंटरों से कंप्यूटर मॉनिटर, प्रिंटर, एनवीआर मशीनें, बैटरी और अन्य समेत कई मूल्यवान चीजें चुरा लीं। श्री स्वपन शर्मा ने कहा कि पुलिस ने 16 दिसंबर 2023 को आईपीसी की धारा







457/380 के तहत रामा मंडी पुलिस स्टेशन में अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ दो एफआईआर नंबर 343 और 344 दर्ज की थीं।

डीसीपी संदीप कुमार शर्मा ने कहा कि कमिश्नरेट पुलिस ने पेशेवर, तकनीकी और वैज्ञानिक विशेषज्ञता के माध्यम से मामले की जांच की। उन्होंने बताया कि सुरागों के आधार पर पता चला है कि चोरी की वारदात को जालंधर के मोती नगर निवासी अमित मरवाहा पुत्र महिंदरपाल मरवाहा ने अंजाम दिया है। डीसीपी ने बताया कि मरवाहा चोरी का यह सामान ईश्वर दत्त पुत्र रमेश लाल निवासी मकान नंबर बी-1/339 आनंद नगर जालंधर, जो शहर में दुकान चलाता है, को बेचता था। डीसीपी ने बताया कि जांच के बाद यह भी सामने आया है कि इंद्रेश मक्कड़ उर्फ सोनू पुत्र राम कृष्ण मक्कड़ निवासी ए-65 सिल्वर रेजीडेंसी अपार्टमेंट, वडाला चौक, जालंधर ने इन दोनों की मदद की थी। उन्होंने कहा कि तीनों अपराधियों को कमिश्नरेट पुलिस ने पकड़ लिया है और जांच के दौरान पता चला कि इन तीनों ने जिले के 18 सेवा केंद्रों में चोरी की वारदातों को अंजाम दिया है। डीसीपी ने बताया कि इन चोरियों में गुरु अमरदास कॉलोनी (22 नवंबर 2023) स्थित सेवा केंद्र, अलावलपुर (30 नवंबर 2023), करतारपुर (8 दिसंबर 2023), ढिलवां और लद्देवाली (16 दिसंबर 2023), जमशेर खास, जंडियाला और नूरमहल (19 दिसंबर, 2023), बड़ा पिंड गोरायां (21 दिसंबर, 2023), शाहकोट, नकोदर और खुर्रमपुर (18 दिसंबर, 2023), भोगपुर (17 दिसंबर, 2023), परमिंदर अस्पताल के सामने (दिसंबर 2023), आदमपुर (दिसंबर) 30, 2023), वरियाणा (1 जनवरी, 2024), जंडू सिंघा और खुरला किंगरा शामिल हैं।

डीसीपी संदीप कुमार शर्मा ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के पास से 11 प्रिंटर, चार एलईडी, तीन कलर प्रिंटर, एक स्कैनर, 19 डेस्कटॉप, तीन कीबोर्ड, एक पंप, एक टूल किट और अन्य सामान बरामद किया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से और भी सामान बरामद करने के लिए पुलिस द्वारा आगे की कार्रवाई की जा रही है। स्वपन शर्मा ने कहा कि चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले गिरोह के अन्य साथियों को भी जल्द गिरफ्तार कर सलाखों के पीछे डाला जायेगा।



# लम्मा पिंड ट्रक लूट कांड का मास्टरमाइंड गिरफ्तार

### आरोपी को 15 ग्राम हेरोइन और 32 बोर देशी पिस्तौल के साथ गिरफ्तार किया

**• जालंधर ब्रीज.** जालंधर

अपराधियों पर शिकंजा कसते हुए पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा के नेतृत्व में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने गुरुवार को पिछले साल सितंबर में लोहे की छड़ों से भरे ट्रक की लूट के मास्टरमाइंड को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आयुक्त ने बताया कि पिछले साल जीटी रोड स्थित लम्मा पिंड चौक पर सरिये से लदे ट्रक को लूटने की घटना हुई थी। इसके बाद उन्होंने बताया कि थाना डिवीजन नंबर 8 में एफआईआर नंबल 211 दिनांक 24-09-2023 के धारा 379बी, 34,392 आईपीसी और 25-54-59 आर्म्स एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया। श्री स्वपन शर्मा ने बताया कि इस लूट में कई लोग शामिल थे जो पकड़े गए थे लेकिन मुख्यारोपी फरार था।

पुलिस कमिश्नर ने बताया कि कमिश्नरेट पुलिस जालंधर की क्राइम ब्रांच ने आज सरगना सोनू उर्फ रॉकी पुत्र गुलजार गिल निवासी न्यू संतोखपुरा जालंधर को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि 17-18 जनवरी की मध्य रात्रि को ट्रांसपोर्ट नगर चौक से सोनू के पास से 15 ग्राम हेरोइन और 32 बोर की एक देशी पिस्तौल बरामद की गयी थी। श्री स्वपन शर्मा ने बताया कि आरोपी के खिलाफ दिनांक 18-01-2024 को पुलिस स्टेशन डिवीजन 8 जालंधर में 21-61-85 एनडीपीएस एक्ट और 25-54-59 आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस आयुक्त ने बताया कि सोनू उर्फ रॉकी एक खतरनाक अपराधी है और उसके खिलाफ पहले से ही चार एफआईआर दर्ज हैं। श्री स्वपन शर्मा ने कहा कि सोनू को पहले ही तीन मामलों में भगोड़ा घोषित किया जा चुका था और पुलिस को उसकी तलाश थी। उन्होंने कहा कि जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है, जिसके चलते अपराधी सलाखों के पीछे जा रहे हैं।

# कमिश्नरेट पुलिस ने 24 घंटे में सुलझाई युवक के ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी

### दो मुख्य आरोपी गिरफ्तार, अन्य जल्द होंगे सलाखों के पीछे: एडीसीपी

**• जालंधर ब्रीज.** जालंधर

पुलिस कमिश्नर स्वपन शर्मा के नेतृत्व में जालंधर कमिश्नरेट पुलिस ने एक युवक के ब्लाइंड मर्डर की गुत्थी को सुलझाते हुए 24 घंटे के अंदर दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आयुक्त ने बताया कि पुलिस ने 17 जनवरी की सुबह पंकज चौधरी फैक्ट्री, लेदर कॉम्प्लेक्स के पास से एक युवक का शव बरामद किया था। मृतक की पहचान अंकुर (17) पुत्र विमलेश कुमार निवासी जिला हरदोई मौजूदा







निवासी न्यू राजन नगर के रूप में हुई है। एडीसीपी हैडक्वार्टर आद्वितीय ने बताया कि इस संबंध में (मृतक के पिता) के तहत विमलेश कुमार पुत्र परलाद निवासी न्यू राजन नगर, जालंधर के बयान दर्ज करके पुलिस स्टेशन बस्ती बावा खेल में एफआईआर नंबर 5 दिनांक 17-01-2024 आई.पी.सी. की धारा 302/34 के तहत केस दर्ज किया गया है। एडीसीपी (आईपीएस) ने बताया कि जांच के दौरान हत्या का प्राथमिक कारण पुरानी रंजिश और झगड़ा सामने आया है। उन्होंने बताया कि मृतक के पिता के बयानों के आधार पर पुलिस ने जालंधर निवासी राहुल, साहिल, रिंकू (काल्पनिक नाम), हनी वर्मा और अनुराग की पहचान हत्या के मुख्य आरोपियों के रूप में की है। इसी प्रकार एडीसीपी (आईपीएस) ने कहा कि आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमें गठित की गईं, जिसके बाद दो आरोपी अनुराग पुत्र प्रदीप मिश्रा निवासी गांव हीरापुर कमीनर थाना कर्नल गंज जिला गोंडा, उत्तर प्रदेश मौजूदा निवासी पन्नू विहार बस्ती बावा खेल जालंधर में किराएदार है और रिंकू (काल्पनिक नाम) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। एडीसीपी (आईपीएस) ने कहा कि पुलिस ने उनके द्वारा इस्तेमाल की गई मोटरसाइकिल पीबी08-सीएन-0719 भी बरामद कर ली है।

# उद्योगों की आवश्यकता अनुसार नए कौशल विकास कोर्स शुरू होगें : विशेष सारंगल



### डिप्टी कमिश्नर द्वारा जिला रोजगार एवं कारोबार ब्यूरो के अधिकारियों के साथ बैठक

**• जालंधर ब्रीज.** जालंधर

स्थानीय उद्योगों की जरूरतों अनुसार युवाओं को सशक्त बनाने के लिए जिला प्रशासन उद्योगपतियों की सक्रिय भागीदारी के साथ कौशल विकास कोर्स संबंधी नए कोर्स शुरू किए जाएगे। वीडियो कान्फ्रेंस में हिस्सा लेने के बाद डिप्टी कमिश्नर विशेष सारंगल ने जिला रोजगार और कारोबार ब्यूरो (डीबीईई) के अधिकारियों के साथ बैठक की। श्री सारंगल ने कहा कि युवाओं को दिए जाने वाले कौशल प्रशिक्षण और उद्योगों की मांग के बीच अंतर को खत्म करने के लिए जिला प्रशासन इस सप्ताह उद्योगपतियों के साथ चर्चा करके उनकी जनशक्ति आवश्यकताओं के बारे में जानकारी प्राप्त करेगा ताकि उसके अनुसार नए कोर्स शुरू किए जा सकें।

उन्होंने आगे कहा कि जालंधर को खेल के सामान, चमड़े के सामान, हैंड टूल्स, पाइप फिटिंग और कई अन्य वस्तुओं के निर्माण के केंद्र के तौर पर जाना जाता है और यह उद्योग विभिन्न प्रकार की नौकरियां प्रदान करते है। उन्होंने कहा कि उद्योगपतियों को इस प्रक्रिया का अभिन्न अंग बनाया जाएगा ताकि युवाओं को उद्योगपतियों की आवश्यकता के अनुसार कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया जा सके। डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि उद्योगों की मांग के अनुरूप नए कोर्स तैयार किए जाएगे, जिससे युवाओं की तकनीकी क्षमता बढ़ेगी और उन्हें रोजगार के अधिक से अधिक अवसर मिल सकेंगे तथा वह आत्म-निर्भर भी बन सकेंगे।

उन्होंने आशा व्यक्त की कि नए कोर्स जिले और आस-पास के क्षेत्रों के बेरोजगार युवाओं को उनके कौशल को निखारकर सशक्त बनाने में सहायक साबित होंगे। उन्होंने कहा कि इन कोर्स से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान कर युवाओं, विशेषकर समाज के जरूरतमंद और कमजोर वर्गों के युवा लड़के और लड़कियों के सशक्तिकरण पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। डिप्टी कमिश्नर ने अधिकारियों को इस संबंध में एक सप्ताह में सभी आवश्यक कार्रवाई पूरी करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (शहरी विकास) जसबीर सिंह और अन्य भी उपस्थित थे।

## पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ जारी रखने के लिए ईकेवाईसी अनिवार्य

**• जालंधर ब्रीज.** होशियारपुर

डिप्टी कमिश्नर कोमल मित्तल ने बताया कि किसानों के आर्थिक स्तर को सहायता देने के लिए भारत सरकार की ओर से जारी जा रही प्रधान मंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत जिला होशियारपुर के किसानों की ओर से लाभ लिया जा रहा है। इस स्कीम के अंतर्गत किसानों को वार्षिक 6000 रुपए की वित्तिय सहायता मुहैया करवाई जाती है जो कि 2000 रुपए की तीन किश्तों में किसानों के खातों में भारत सरकार की ओर से ट्रांसफर की जाती है। योजना का लाभ जारी रखने के लिए लाभार्थी किसान की ओर से अपनी ई.के.वाई.सी करवाना अनिवार्य है। डिप्टी कमिश्नर ने बताया कि जिले में करीब 34,873 लाभार्थियों की ई.के.वाई.सी पेंडिंग है। उन्होंने जिले के समूह किसानों से अपील करते हुए कहा कि स्कीम का लाभ जारी रखने के लिए अपनी ई.के.वाई.सी जल्द से जल्द नजदीकी सेवा केंद्रों या सी.एस.सी सैंटर से करवा लें। ऐसा न करने की सूरत में मिलने वाली वित्तिय राशी बंद हो जाएगी।

# पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत चंडीगढ़ ने देखी सफलता की कहानियां









**• जालंधर ब्रीज.** चंडीगढ़

चंडीगढ़ जैसे जीवंत शहर में, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना सफलता की कहानियों के साथ धूम मचा रही है जो इस पहल के परिवर्तनकारी प्रभाव को उजागर करती है। लाभार्थियों में, राज बहादुर, एक समर्पित उद्यमी, छोटे व्यवसायों को बढ़ावा देने में योजना की प्रभावशीलता का प्रमाण है। चंडीगढ़ के रहने वाले राज बहादुर ने शुरुआत में पीएम विश्वकर्मा योजना के माध्यम से 10,000 रुपये का ऋण प्राप्त किया। अपने उद्यम की सफलता से उत्साहित होकर, उन्हें बाद में 20,000 रुपये और 50,000 रुपये की ब्याज-मुक्त वृद्धि प्राप्त हुई। अपना आभार व्यक्त करते हुए, राज बहादुर ने उनके व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में इस योजना की महत्वपूर्ण भूमिका को स्वीकार किया। सफलता की कहानी को जोड़ते हुए, चंडीगढ़ के निवासी मनोज कुमार और शीला भोज भी पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत सहायता प्राप्त करने की प्रक्रिया में हैं। भविष्य की आशा करते हुए, दोनों लाभार्थी इस पहल के माध्यम से सरकार से निरंतर समर्थन के बारे में आशावादी हैं। मनोज कुमार ने कहा, "इस योजना ने हमें अपनी आकांक्षाओं को वास्तविकता में बदलने के लिए एक मंच प्रदान किया है।" शीला भोज ने इस योजना द्वारा खोले गए अवसरों के लिए आभार व्यक्त करते हुए इसी भावना को दोहराया। उन्होंने कहा, "नई दिल्ली में समारोह में भाग लेने का मौका न केवल एक सम्मान है, बल्कि हमारी उद्यमशीलता यात्रा में उत्कृष्टता के लिए प्रयास जारी रखने की प्रेरणा भी है।"

जैसे-जैसे सफलता की कहानियाँ बढ़ती जा रही हैं, पीएम विश्वकर्मा योजना आशा की किरण के रूप में खड़ी है, जो अपने नागरिकों के बीच उद्यमशीलता और आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने के लिए सरकार की अटूट प्रतिबद्धता का उदाहरण है।

# 25 जनवरी को लायलपुर खालसा कॉलेज में मनाया जाएगा राष्ट्रीय वोटर दिवस

**• जालंधर ब्रीज.** कपूरथला

भारत चुनाव आयोग के निर्देशानुसार 25 जनवरी को स्थानीय लायलपुर खालसा कॉलेज में राष्ट्रीय वोटर दिवस मनाया जाएगा, जिसमें विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों के छात्र मतदान से संबंधित विभिन्न वंनगीयांकी पेशकारी की जायेगी। चुनाव तहसीलदार मंजीत कौर ने आज यहां राष्ट्रीय वोटर दिवस मनाने की तैयारियों के संबंध में संबंधित विभागों के प्रतिनिधियों के साथ एक मीटिंग के दौरान कहा कि युवा वोटरों को वोट डालने के लिए जागरूक करना महत्वपूर्ण जिम्मेदारी है जिसके लिए संबंधित पक्षों को अपना योगदान देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि चुनाव आयोग द्वारा स्वीप गतिविधियों के तहत स्कूलों, कॉलेजों और विभिन्न क्षेत्रों में जागरूकता गतिविधियां करवाई जाती हैं, जिसके बारे में निचले स्तर तक आवश्यक जानकारी दी जानी चाहिए ताकि अधिक से अधिक लोग वोट और वोट के अधिकार के प्रति जागरूक किया जा सके। वर्णनयोग कि राष्ट्रीय वोटर दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय समारोह में डिप्टी कमिश्नर कैप्टन करनैल सिंह मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचेंगे और वोटरों को राष्ट्रीय वोटर दिवस के महत्व के बारे में जानकारी देंगे।चुनाव तहसीलदार मनजीत कौर ने बताया कि समारोह के दौरान चुनाव आइकन प्रसिद्ध कबड्डी खिलाड़ी यादविंदर यादा और मंगल सिंह भंडाल भी विशेष तौर पर पहुंच कर वोटरों को जागरूक करेंगे। इस अवसर पर चुनाव क़ानूनगो पूजा कक्कड़, डी.आई.ओ. संजीव कुमार, स्वीप नोडल अधिकारी परमजीत सिंह, सुनीता सिंह आदि भी मौजूद थे।

# भारत-पाकिस्तान मैच के लिए स्टेडियम तैयार

## 34 हजार क्रिकेट फैंस को समायोजित करने में होगा सक्षम

**आईसीसी.** न्यूयॉर्क में नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, जो 9 जून को टी20 वर्ल्ड कप 2024 में भारत बनाम पाकिस्तान खेल की मेजबानी करेगा। इस मैदान का बुधवार को आधिकारिक तौर पर अनावरण किया गया। न्यूयॉर्क का आयोजन स्थल आईसीसी आयोजन के आठ मैचों की मेजबानी करने वाला है। नासाउ काउंटी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम 5 जून को आयरलैंड के खिलाफ भारत के शुरुआती मैच की भी मेजबानी करेगा।

आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलार्डिस इस नए मैदान को लेकर उत्साहित नजर आए। आईसीसी ने एलार्डिस के हवाले से कहा कि ये अब तक के सबसे बड़े आईसीसी आयोजन की अगुवआई में एक अविश्वसनीय रूप से अहम है। स्टेडियम पर काम शुरू हो रहा है जो 34 हजार क्रिकेट फैंस को समायोजित करने में सक्षम होगा। वहीं आईसीसी द्वारा जो तस्वीर शेयर



फोटो-आईसीसी

की गई है उस स्टेडियम में दर्शकों की बैठने की क्षमता 34 हजार है और ये आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप 2024 के आठ मैचों की मेजबानी करेगा। स्टेडियम पर काम चल रहा है साथ ही इसके जल्द से जल्द पूरा होने की उम्मीद है।

## जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह की तैयारियां जोरों पर

# सांस्कृतिक कार्यक्रमों व अन्य प्रोग्राम की रिहर्सल जारी

**• जालंधर ब्रीज.** जालंधर

प्रशासन द्वारा गणतंत्र दिवस के अवसर पर 26 जनवरी को स्थानीय गुरु गोबिंद सिंह स्टेडियम में आयोजित किए जाने वाले जिला स्तरीय प्रोग्राम की तैयारियां बडे स्तर पर चल रही है। पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा इस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे, जो गणतंत्र दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराएंगे। इस संबंधी जानकारी देते हुए डिप्टी कमिश्नर विशेष सारंगल ने बताया कि प्रशासन ने जिला स्तरीय गणतंत्र दिवस समारोह को उचित ढंग से करवाने के लिए पहले ही विभिन्न विभागों को जिम्मेदारियां सौंप दी है ताकि सभी आवश्यक प्रबंध समय पर किए जा सकें। उन्होंने कहा कि सफाई, सजावट, सुरक्षा, पार्किंग, वैकल्पिक रूट प्रबंध, पीने के पानी की व्यवस्था, बैठने की व्यवस्था, मैडीकल टीम, निर्बाध



बिजली सहित अन्य व्यवस्थाओं में प्रशासन कोई कमी नहीं आने देगा।

उन्होंने कहा कि प्रोग्राम के दौरान जहां पंजाब पुलिस, पंजाब होम गार्ड, एन.सी.सी. (लड़के और लड़कियाँ) की टुकडियां मार्च पास्ट करेंगी जबकि विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और अन्य प्रोग्रामों की रिहर्सल जोरों से चल रही है। जिला स्तरीय कार्यक्रम के दौरान लगभग 2000 छात्र भाग लेंगे और अंतिम रिहर्सल 24 जनवरी को आयोजित की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न विभागों द्वारा विकास कार्यों को दर्शाने वाली झांकियां भी प्रस्तुत की जाएंगी। उन्होंने कहा कि इस विशाल आयोजन की तैयारियां जोरों पर चल रही हैं और गणतंत्र दिवस समारोह पूरी देशभक्ति और राष्ट्रवाद के साथ मनाया जाएगा।

Printed, Published & Owner by ATUL SHARMA & Printed at SARANGLE PRINTERS, BASTI GUZAN JALANDHAR (PUNJAB) and Published from ATUL SHARMA, NN453 GOPAL NAGAR JALANDHAR (PUNJAB)
Editor : ATUL SHARMA*
*Responsible for selection of News under the PRB ACT. PUNHIN/2019/77863, All Rights Reserved. Reproduction in whole or in Part without permission is prohibited. All disputes shall be settled at Jalandhar jurisdiction only.